समाचार

# शिवनगर रूमगरा वार्ड का भ्रमण कर आयुक्त आमजन की समस्याओं से हुए रूबरू

## (सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट व साफ–सफाईग कार्यो से जुड़ी समस्याओं पर फोकस, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश)



कोरबा 08 अक्टूबर 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय मंगलवार को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 47 शिवनगर रूमगरा वार्ड की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों का भ्रमण कर वहॉ के समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होने सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट व साफ–सफाई जैसी जरूरी व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं पर विशेष फोकस करते हुए समस्याओं का त्वरित निराकरण किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर वार्ड पार्षद श्रीमती सीमा कंवर, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, एम.एल. बरेठ, सतानंद द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय मंगलवार को निगम के वार्ड क्र. 47 शिव नगर रूमगरा पहुंचे। यहॉ उल्लेखनीय है कि आयुक्त श्री पाण्डेय अधिकारियों की टीम के साथ नियमित रूप से शहर के वार्ड व बस्तियों का प्रातः भ्रमण कर वहॉ की समस्याओं का जायजा लेते हैं, उनका निराकरण कराते हैं तथा निगम द्वारा प्रदत्त विभिन्न मूलभूत सुविधाओं व सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं की बेहतरी हेतु आवश्यक कदम उठाते हैं। इसी कड़ी में आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्ड क्र. 47 की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पैदल डोर–टू–डोर भ्रमण करते हुए वहॉ के रहवासियों से रूबरू हुए, समस्याओं को जाना एवं निराकरण हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कदम

उठाने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ पर स्थित मुक्तिधाम का निरीक्षण किया तथा मुक्तिधाम में पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, इसी प्रकार उन्होने आवश्यकता को देखते हुए वार्ड पार्षद के घर के समीप कलवर्ट व नाली निर्माण, शिव नगर विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था हेतु नल स्थापित किए जाने को कहा। वार्ड की बिरसामुंड़ा बस्ती में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है, उन्होने निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं 23 अक्टूबर तक उक्त कार्य को पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियो को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्ड पार्षद व बस्ती के नागरिकों की मांग पर वार्ड की आवश्यकता के अनुसार स्ट्रीट लाईट लगाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने अधिकारियों को निर्देशित किया।

**खुली नालियों को स्लेब से कवर करें** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्ती में स्थित नालियों का अवलोकन किया, नालियॉ खुली होने से उनमें प्लास्टिक, पन्नी व अन्य कचरा डाल दिया जाता है, जिससे नालियों के जाम होने की स्थिति पैदा होती है, वहीं वहॉ के रहवासियों को नालियॉ खुली रहने से असुविधा भी होती है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खुली नालियों के ऊपर स्लेब की ढलाई कर नालियों को कवर करें, ताकि नालियों में कचरा डालने की गुंजाईश न रहे व उनके जाम होने की स्थिति से बचा जा सके।

**बस्तीवासियों से ली सफाई कार्यो की जानकारी** – बस्ती में डोर–टू–डोर भ्रमण कर आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ के रहवासियों से निगम के साफ–सफाई कार्यो की जानकारी भी ली, उन्होने बस्तीवासियों से पूछा कि उनके घरों से नियमित रूप से अपशिष्ट का संग्रहण होता है या नहीं, कचरा संग्रहण हेतु नियमित रूप से स्वच्छता दीदियॉ उनके घरों में पहुंच रही है या नहीं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्ती के लोगों से आग्रह किया कि वे सूखा व गीला कचरे को अलग–अलग डस्टबिन में संग्रहित करें तथा दोनों प्रकार के कचरे को पृथक–पृथक रूप से ही स्वच्छता दीदियों को दें। उन्होने अपील करते हुए कहा कि घरों से निकले हुए कचरे को नाली व सड़क पर न डालें, इससे सफाई कार्य प्रभावित होते हैं।